डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 – 2083 | भोपाल, दिन बुधवार, दिनांक 13 मई, 2026

न्यूज गैलरी

सर्व स्वर्णकार समाज के सम्मान समारोह के लिए पंजीकरण शुरू

भोपाल। सर्व स्वर्णकार समाज और स्वर्ण सागर भोपाल पत्रिका की ओर से भोपाल में नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 5 जुलाई को अरेरा सोसायटी के पास एक होटल में होगा। आयोजन में तीन नारी शक्ति को विशेष सम्मान दिया जाएगा, जिसमें प्रत्येक को ₹5100 नगद के साथ प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा अन्य श्रेणी के सम्मान में प्रत्येक को ₹1100 नकद, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। सम्मान के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

डॉ. अमित बने वैकवर्ड क्लासेस इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेशाध्यक्ष

भोपाल। भोपाल में वैकवर्ड क्लासेस इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफसीसीआई) ने डॉ. अमित यादव को मध्यप्रदेश चैप्टर का अध्यक्ष नियुक्त किया। संगठन के अनुसार यादव स्वास्थ्य सेवा और प्रशासन क्षेत्र में अनुभवी हैं तथा एम्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स में निदेशक के रूप में सेवाओं और संस्थागत नेतृत्व दोनों में खुले अवसर कर रहे हैं।

अपरा एकादशी पर आज सर्वार्थ सिद्धि सहित 5 योग

भोपाल। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अपरा एकादशी बुधवार को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जाएगी। अपरा एकादशी पर बुधवार को राजधानी के मंदिरों में आस्था का अनूठा संगम दिखेगा। इस बार प्रीति योग, शुभ्रविरिज योग, अमृतसिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि 5 विशेष योगों के संयोग में भगवान विष्णु और कृष्ण की विशेष आराधना होगी। शाहजहांबाद, जहांगीराबाद और बीबीजाबाद स्थित बांके बिहारी मंदिरों में श्रृंगार-भोग-राग शुरू होगा। ठाकुरजी को शहद, गुलाब और मोगरे के इत्र के साथ सुगंधित चंदन लेप अर्पित किया जाएगा। मौसम गर्मी को देखते हुए भगवान को ऋतु फलों के रस और शीतल भोग लगाए जाएंगे। कोलार व फतेह नगर इलाकों में ठाकुरजी फूलों के गहनों में दिखाई देंगे। जगन्नाथ मंदिर में तीनों विग्रहों की चंदन सेवा होगी। वैष्णोधाम में 56 भोग लगेंगे। गुप्ता मंदिर में श्रीसूक्त व विष्णु सहस्रनाम के पाठ होंगे।

गहोई वैश्य समाज के चुनाव के लिए 19 लोगों के नामांकन जमा

भोपाल। गहोई वैश्य समाज पंचायत के द्विवार्षिक चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुधीर खट्टर ने बताया कि अध्यक्ष समेत छह पदों और पांच कार्यकारिणी पदों के लिए कुल 19 लोगों ने नामांकन दाखिल किए। अध्यक्ष पद के लिए महेश बहरे, लुनुज कुदरिया और शिव गेहा ने नामांकन भरे हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, कार्यालय सचिव पदों के लिए दो-दो उम्मीदवारों ने नामांकन जमा किए। कार्यकारिणी के पांच पदों के लिए छह उम्मीदवारों ने नामांकन जमा किए।

खेड़ापति हनुमान मंदिर के सहयोग से 20 से 27 मई तक राम कथा

भोपाल। खेड़ापति हनुमान मंदिर के सहयोग से 20 मई से 27 मई तक राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे होगी। आयोजकों के अनुसार इस अवधि में श्याम का पाथर वितरण महा उत्सवरूप भी आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति ने कहा कि राम

राजनीतिक प्रधानमंत्री मोदी की नसीहत का असर, प्रदेश के शीर्षस्थ लोगों ने उदाहरण बनाने शुरू

ऊर्जा मंत्री ई स्कूटी.. भूषण ई रिक्शा से पहुंचे जस्टिस डीडी बंसल साइकिल से हाईकोर्ट गए

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील का असर देखने को मिलने लगा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि महंगाई में चल रहे युद्ध के असर से बुधवार को पेट्रोल–डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। इसलिए आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। उन्होंने कहा था कि भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, क्योंकि हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं।

मंत्रियों व विधायकों के लिए भी जारी हुई गाइडलाइन

खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश सिंह काकिले के साथ आए

तुरंत तक खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन पर लंबित का कोई असर नहीं दिखा। वे बहनों के काकिले के साथ राजभवन कार्यालय पहुंचे और कार्यभार ग्रहण किया। मंत्रियों के काफिले के वाहन साथ रहे गया। जादौन ने बाद में राजभवन की कार्यवाही उन्होंने कहा कि मैं घर से तो अकेला ही था। पर, रास्ते में समर्थक जुटते गए और काफिला बन गया। इसमें मेरा कोई कसूर नहीं है। सोमवार को पदभार ग्रहण किया के अवसर पर विभाग सिंह ठाकुर ने भी शक्ति प्रदर्शन कर कार्यभार ग्रहण किया था। उन्होंने बीजेपी नेता तालेर तक निकाली थी। इसी लेकर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी ने गंभीरता से लिया।

पेट्रोल–डीजल की खपत कम करें कार्यकर्ता व नागरिकः हेमंत

नेता और कार्यकर्ता सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे: हेमंत

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री की अपील का असर जरूर होगा। आज हमने नेताओं ने ई-रिक्शा से जाकर इसकी शुरुआत की है। इसलिए, कुछ कार्यकर्ता जरूर साइकिलों से आ रहे थे। हम अपील करेंगे कि आने वाले समय में सभी कार्यकर्ता और नागरिक पेट्रोल–डीजल की खपत कम करें। सामान्य परिवहन का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हमारा इरादा कम हो।

जहां तक संभव होगा ई स्कूटी का उपयोग करूंगा ऊर्जा मंत्री

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मीडिया विभाग अपने सरकारी आवास से ई–स्कूटी के जरिए पंचायत भवन पहुंचे और लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश जादौन के पदभार ग्रहण में शामिल हुए। इसके बाद वे ई स्कूटी से ही मंत्रालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें जनमानस के साथ आगे बढ़ने पीछे के लिए कार्यालय भी लेकर चलना है। मैं बाहर निकलने के लिए पर जाकर ई ट्रेन या कार का इस्तेमाल करूंगा। सेमिनार, रामनवमी, स्कूटी का उपयोग करूंगा।

हाईकोर्ट जज भी चला सकते हैं साइकिल

साइकिल चला कर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट पहुंचे जस्टिस डीडी बंसल ने कहा कि यह सीन पहले ही है कि हाई कोर्ट के जज साइकिल से नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो, सभी लोगों को साइकिल चलाकर पेट्रोल–डीजल की बचत करना चाहिए। उन्होंने हमें कार्यालय और सेमिनार में जस्टिस बंसल जुड़ा विषय बताया।

दो जालसाज युवकों ने एलबाद इलाके में वारदात को अंजाम दिया

उज्जन जान का रास्ता पूछकर वारदात को दिया अंजाम

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

दर्जे देशवाम इलाके में दो जालसाजों ने एक वृद्ध महिला को झांसे में लेकर उसके जेवर खसोट लिए और फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार दशमेश नगर निवासी 80 वर्षीय लक्ष्मी बाथम ने शिकायत करवाई है। रविवार सुबह उनकी बेटी नमता बाथम उन्हें प्रभात चौराहे पर छोड़कर गई थी। वहां से वे पैदल काली मंदिर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान एक युवक ने उनसे उज्जैन जाने वाली बस के बारे में पूछा। जब उन्होंने जानकारी नहीं होने की बात कही तो युवक ने खुद को भूखा बताते हुए नाश्ता कराने का आग्रह किया। कुछ देर बाद उसका दूसरा साथी देखर बुड्ढा से उतरवाए जेवर, दो जालसाज पास्ता सामने पहुंचे पहुंचे और बातचीत करते हुए महिला के साथ चलने लगे। दोनों ने महिला को रास्ता कि इलाके में लूटपाट होती रहती है, इसलिए जेवर उतारकर सुरक्षित रख लें। बदमाशों की बातों में आकर वृद्धा ने कान के सोने के कुंडल और सोने के मोतियों की माला उतारकर एक पोली पन्नी में रख ली। साथ में जालसाजों ने खाली पन्नी वो वह पन्नी अपने पास रख ली और दूसरी पन्नी महिला को थमा दी। मंदिर पहुंचने से पहले दोनों युवक नाश्ता लेने का बहाना बनाकर फरार हो गए। जब महिला ने पन्नी खोली तो उसमें कंचल कागज और दूसरी चमियां रही गिरी। घटना के बाद वृद्धा ने बेटी को बुलाया और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

20 मई को दवा विक्रेताओं की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

रात 11 बजे पीरगेट पर भीड़ का हंगामा, पुलिस ने खदेड़ा

गोविंदपुरा में लव जिहाद मामले में कार्रवाई की मांग, एक समुदाय का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल के गोविंदपुरा क्षेत्र में दो दिन पहले हुए कथित लव जिहाद विवाद और पुलिस पूछताछ के बाद मंगलवार के मामले ने मंगलवार रात तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग लालुल मसाजिद में एकत्र हुए और बाद में पीरगेट पहुंचकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने युवक के परिवार पर स्थायी और गंभीर धोखे वाले आरोपियों के साथ सख्त कार्रवाई की मांग की।

स्थिति को देखते हुए पुलिस ने शहर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी। हमीदिया अस्पताल के सभी गेटों पर कड़ा पहरा लगाया गया ताकि प्रदर्शनकारी अस्पताल परिसर में प्रवेश न कर सकें। हालात बिगड़ने पर भारी पुलिस बल और एसएएफ जवानों को तैनात किया गया। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज भी किया। पीरगेट क्षेत्र के सभी एटी पॉइंट्स पर बैरिकेडिंग कर दी गई और सख्त कड़ी 1500 बजे तक इलाका नियंत्रण में लाए गए।

पुलिस ने ऐसे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई है, ताकि उपद्रवियों की पहचान की जा सके। मौके पर एसीपी अनिल वाजपेयी और एडिशनल डीसीपी वानिनी दीक्षित मौजूद रहे। वहीं शहर काजी सैयद मुस्तफा आली नवमी ने पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मुलाकात कर दोषियों की गिरफ्तारी और संवेदनशील

भोपाल में धरना-प्रदर्शन, रैलियों के लिए पूर्व सूचना अनिवार्य

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल नगरीय क्षेत्र में विभिन्न संगठनों, संगठनों, राजनीतिक दलों, समितियों, प्रतिनिधि मंडलों एवं आयोजकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर, त्योहारों एवं सामाजिक कार्यक्रमों के अवसर पर धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, जुलूस, रैली, आवागमन, पुतला दहन, पदयात्रा, सभाओं, कार्यालयनिर्माण एवं शासकीय भवनों का घेराव, ज्ञापन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उक्त कार्यक्रम प्रायः सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होने के कारण यातायात–व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था कराए रखना आवश्यक हो जाता है, ताकि आम नागरिकों के यातायात जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े तथा किसी भी प्रकार की हिंसक गतिविधि अथवा सार्वजनिक शांति को क्षति पहुंचने की सम्भावना को रोका जा सके। ऐसे कार्यक्रमों की पूर्व सूचना पुलिस विभाग को दफ्तरन कराई जाए, ताकि कार्यक्रमों के सुचारुरूपेण संचालन एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु समय रहते अनुमति पुलिस एवं यातायात प्रबंध किए जा सकें।

झगड़े में बेटा मां की तरफ से बोला तो पिता ने गोली मारी, निशाना चूका

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल के अशोका गार्डन इलाके में पारिवारिक विवाद ने सोमवार रात गंभीर रूप ले लिया, जब एक पिता ने अपने ही 16 वर्षीय बेटे पर बंदूक से फायर कर दिया। वहां जो बात यह रही कि गोली निशाने को नहीं लगी और वह सुरक्षित बच गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को गिरफ्तार कर उसके पास से लाइसेंसी 315 बोर रायफल और कारतूस जब्त कर लिए।

अशोका गार्डन थाना पुलिस के अनुसार एक संदेह सुभाष वर्मोलोनी निवासी 16 वर्षीय राज चौरसिया ब्का 17वें का लाल है। उसकी मां अनीता चौरसिया घर में साग–सब्जी का काम करती है, जबकि पिता शांति स्वरूप चौरसिया अलग रहते हैं। पति–पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। सोमवार दोपहर दोनों पक्षों के बीच मारपीट और गाली–गलौज की घटना हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

रात में आरोपी पिता कार से घर पहुंचा।

उस समय रात घर की गैलरी में टहल रहा था। आरोप है कि शांति स्वरूप ने बेटे पर राइफल से फायर कर दिया। गोली चलने के बाद राज डरकर तत्काल में छिप गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर वारदात में प्रयुक्त राइफल का लाइसेंस ग्वालियर में रखा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भोपाल में 63.3: अधिवक्ताओं ने पसंदीदा प्रत्याशी को डाले वोट

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वाचन को भोपाल के अधिवक्ताओं ने जिला न्यायालय में बनाए गए मतदान केंद्रों में मतदान किया। 6260 सदस्यों में से 3621 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 63.3 प्रतिशत मतदान किया। मतदान मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया।

मतदान के चलते जिला न्यायालय के आस–पास वाहनों की पार्किंग के कारण काफी भीड़ भाड़ रही। इस निर्वाचन में संपूर्ण मध्य प्रदेश से 122 एवं भोपाल से 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। इन 122 प्रत्याशियों में से 18 पुरुष एवं 7 महिला सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। भोपाल से मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वतमान को–चेयरमैन विजय चौधरी, पूर्व को –चेयरमैन और मानद सचिव मो. महबूब अंसारी, पूर्व को–चेयरमैन राजेश व्यास, जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष दीपी बोरकरी, रचना सिंह चौहान, चन्द्रकुमार बलेथा, अपूर्वा सिंह, लक्ष्मी मीना, सुहास सिंह सोलंकी, कपिल नेहरा, प्रशांत हर्ष, देवेंद्र प्रकाश मिश्रा, प्रतापभानु सिंह राजपूत, शेखर शर्मा, अनिल पाटिल, राजेश नेमा, राजकुमारी शर्मा, साधना नौर, राजेश पाण्डेय एवं महेश मौर्य चुनाव मैदान में उतरे थे। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा इस चुनाव के लिए अपर जिला न्यायाधीश मनोहर लाल पाटीदार को मतदान अधिकारी बनाया था। उनके नेतृत्व में अन्य न्यायाधीश, अधिवक्ता तथा न्यायिक कर्मचारियों ने मतदान की व्यवस्था में सहयोग किया।

मौसम देश में तीसरे नंबर पर सबसे गर्म रहे जैसलमेर के बराबर रतलाम का तापमान, तपने में ये शहर चौथे नंबर पर रहा

बरसे शोले... रतलाम में गर्मी का टाइम रिकॉर्ड ध्वस्त, पारा 46.5 डिग्री

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी का पारा मंगलवार को तेजी से बढ़ा। धूप के साथ आसमान से ऐसी आग बरसी कि रतलाम में पारा 46.5 डिग्री रहा, जो 76 साल का सबसे अधिक तापमान होने के साथ ही ऑल टाइम रिकॉर्ड भी है। रतलाम में वर्ष 1951 के बाद यह सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

यह जिले सबसे गर्म

मंगलवार को 5 जिलों में पारा 44 से ऑलर जिले शामिल हैं। यहां भीषण गर्मी रही। दतिया, दुना, नर्मदापुरम, भोपाल, खंडवा, सबरोन, दमोह, मंडला, नीमच, सागर आदि जिलों में पारा करीब 43 से 44 डिग्री के बीच रहने से भीषण गर्मी महसूस की गई है।

इसलिए बढ़ रही गर्मी

विशेषज्ञ सुरक्षा के अनुसार अभी पश्चिमी राजस्थान में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन है। दक्षिण पश्चिमी मप्र में भी एक सर्कुलेशन है। एक ट्रफ अब दक्षिणी मप्र, उत्तरीछत्तीसगढ़, झारखंड से होते हुए गुजरात रही है। इससे प्रदेश में राजस्थान की गर्म हवाएं असर कर रही हैं। अगले दो से तीन दिन गर्मी और बढ़ेगी। 15 मई को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिससे मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है।

आज इन जिलों में लू चलेगी

बुधवार को इंदौर, उज्जैन, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, देवास, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर में लू का अलर्ट है। वहां तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, बदवानी, नीमच, आगर–मालवा, मंदसौर, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, विवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, उमरियाजपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, सीधी, सिंगरौली, सतना, सीहोर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में तेज गर्मी का असर बना रहेगा।

पेट्रोल डीजल की बचत पर मुख्यमंत्री डाक्टर . मोहन यादव का ऐलान

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल–डीजल बचत की अपील के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य में नई कार्य संस्कृति अपनाने का संदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि अब उनके कारकेड में सुरक्षा की दृष्टि से केवल न्यूनतम आवश्यक वाहन ही शामिल होंगे और किसी भी प्रकार की वाहन रैली या अनावश्यक काफिला नहीं रहेगा।

पहले सीएम काफिले की ये थी व्यवस्था पूर्व व्यवस्था के अनुसार मुख्यमंत्री के काफिले में विभिन्न सुरक्षा और प्रशासनिक जरूरतों को देखते हुए 13 वाहन शामिल रहते थे, जिनमें वार्नर, पायलट वाहन, मीडिया कार, सुरक्षा एस्कोर्ट ई–3 वाहन, काउंटर ऐसाल्ट

13 से घटकर 8 वाहनों का हुआ सीएम का कारकेड फिजूलखर्ची पर रोक

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 – 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 13 मई 2026

राशि घोटाला

शिक्षा के मंदिर में डाका, मरम्मत के नाम पर लाखों हड़पे, बच्चों के भविष्य से भ्रष्टाचार का खेल

निकाली गई रकम, प्राचार्य के इनकार के बावजूद फंड खपाया

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों के भविष्य को संवारने के नाम पर ऐसा खेल सामने आया, जिसने शिक्षा व्यवस्था की नींव तक हिला दी है। स्कूलों की मरम्मत और रखरखाव के लिए सरकार द्वारा जारी लाखों रुपये कथित तौर पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। कहीं बिना जरूरत दीवारें पुतवाई गईं, कहीं नए गेट लगाकर पुराने हटाए गए तो कहीं कागजों में ही मरम्मत पूरी दिखाकर सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई। सबसे बड़ा खुलासा बिलकिसगंज संदीपनि स्कूल से हुआ है, जहां प्राचार्य द्वारा राशि लेने से इनकार करने के बावजूद फंड के दूसरे स्कूल में खपाने का मामला सामने आया है। अब यह पूरा घोटाला शिक्षक में दर्ज और गुस्से का विषय बन गया है।

नई बिल्डिंग थी, फिर भी मरम्मत के नाम पर खेल

बिलकिसगंज संदीपनि स्कूल में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा था। ऐसे में स्कूल के प्राचार्य पवन शर्मा ने साफ तौर पर विभाग को लिखित में बताया कि उन्हें मरम्मत राशि की आवश्यकता नहीं है। लेकिन आरोप है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस सच को भी नहीं छोड़ा। कागज़ी तौर पर इस राशि को श्यामपुर के एक सरकारी स्कूल में मरम्मत के नाम पर खर्च दिखाकर ठिकाने लगा दिया गया। प्राचार्य का पत्र अब पूरे मामले में सबसे बड़ा दस्तावेज माना जा रहा है, जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जबकि लिखवाए गए काम पूरे होने के बावजूद उन सबसे जुड़ने वाला पहलू यह है कि कई स्कूलों में वास्तव में मरम्मत की जरूरत ही नहीं थी। बावजूद इसके अधिकारियों द्वारा स्कूल प्रभारियों पर दबाव बनाकर कम पूरा होने के दस्तावेज तैयार करवाए गए। सूत्र बताते हैं कि कुछ स्कूलों में केवल दिखावे के लिए दीवारें पुतवाई गईं और चौखटें बनवाई गईं। कई पुराने लेकिन सही हालत वाले गेट हटाकर नए गेट लगा दिए गए। कई जगहों पर सीमेंट खानापूर्ति कर परतें खींचे गए और कागजों में लाखों का काम पूरा दिखा दिया गया। ऊपरी-ऊपरी काम, लेकिन पूरा भुगतान। इस पूरे घोटाले में भ्रष्टाचार प्रमाण पत्र सबसे बड़ा हथियार बनकर सामने आया है। नियमानुसार जब तक प्रिलिमिनरी इंजीनियर और सहायक इंजीनियर काम से संतुष्ट न हो जाए, तब तक अंतिम भुगतान नहीं किया जा सकता। लेकिन आरोप है कि यहां अधूरे और विवादित कार्यों को भी पूर्ण घोषित कर दिया गया। फर्जी तरीके से भ्रष्टाचार प्रमाण पत्र जारी किए गए और लाखों रुपये की पूरी राशि निकाल ली गई।

गरीब बच्चों के नाम पर करोड़ों की बंदरबांट

शासन द्वारा प्रत्येक स्कूल को सरकार सवा पांच लाख रुपये की राशि जारी की गई थी। उद्देश्य था कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लेकिन हकीकत में कई स्कूलों में काम अधूरा पड़ा है, क्योंकि कई जगह घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ। स्थिति इतनी खराब है कि नई टाइलें और पुताई कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी। बच्चों को सुरक्षित और बेहतर माहौल देने का सपना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

जांच के आदेश, दोषियों पर कार्रवाई की बात रू गिला

जिला अधिकारी सत्यम सिंह राठौर ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि उच्च स्तर से जांच के आदेश प्राप्त हुए हैं। डीपीसी के सहायक यात्री को मूल्यांकन और रचनात्मक जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य और खामियां सामने आएंगी, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पुराना विवाद मंदिर जा रहे किसान का अपहरण, 3 पर संदेह, जो भोपाल निवासी

डीआर संवाददाता»सीहोर

बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह बुजुर्ग किसान के अपहरण हो गया। घटना सुबह 9:10 बजे की बताई जा रही है। जानकारी मिलते ही उनके बेटे ने अपने अन्य भाई और रिश्तेदारों को सूचना दी। सात बजे राजपुत ढाबे के पास काम कर रहे मजदूर राकेश बारेला और उनकी पत्नी ने बताया कि उन्होंने बदमाशों को बुजुर्ग को कार में बैठाते देखा था। प्रत्यक्षदर्शियों पीड़ित पक्ष ने जमीन बेची थी और उसका बयाना ले लिया था पीड़ित तके परिवार ने इस वारदात के पीछे पुरानी रंजिश और जमीन विवाद की आशंका जताई है। परिजन ने शिकायत में कंचित हर्ष, देव नारायण उर्फ गुड्डा और मनीष परमार पर अपहरण का संदेह जताया है, ये तीनों भोपाल के निवासी है। सूत्र बताते हैं दोनों पक्षों के बीच जमीन के सौदे का विवाद चल रहा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने जमीन बेची थी और उसका बयाना भी ले लिया था। लेकिन बाद में किसी बात को लेकर सौदे की बात बिगड़ गई थी।

न्यूज गैलरी

आधार पंजीयन किट उपलब्ध कराएं

सीहोर। सीहोर जिला ई–गवर्नेंस सोसायटी ने आधार पंजीयन कार्य हेतु आधार पंजीयन किट की आवश्यकता है। जिन व्यक्तियों के पास भी आधार पंजीयन किट उपलब्ध है एवं वे अपनी किट जिला ई–गवर्नेंस सोसाइटी सीहोर को नियुक्त प्रदान करना चाहते हैं तो वे अपनी मशीन सोसाइटी को दिनांक 18 मई से 1 जून तक विभिन्न जानकारी सहित प्रदान कर सकते हैं। मशीन प्रदान करने वाले व्यक्ति को जिले में आधार कार्य करने हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सीहोर जिले की वेबसाईट पर विस्तृत जानकारी देख सकते हैं या जिला ई–गवर्नेंस कार्यालय सीहोर से संपर्क कर सकते हैं।

संपर्क अभियान के अंतर्गत 14 मई को लगाए जाएंगे शिविर

सीहोर। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 14 मई को कलस्टर 01 के विद्युत वितरण केंद्रों पर संपर्क अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप में बिजली उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन एवं तकनीकी सेवाओं संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। जिन स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएंगे उनमें अमलाहा, खतरी, बिलकोल, देवली, खेरी, नाथखेड़ी, महुआखेड़ा, नागतालाब, करेलखेड़ा, गुलेला, वार्ड नं.3, वार्ड नं.8, अरनिया सुलतानपुर, अबदुल्लापुर, खीनपुरा शामिल हैं।

डिजिटल युग में जीवंत होगी सीहोर की विरासत

सीहोर तपोवन के प्रणमी स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संरक्षित 101 प्राचीन पांडुलिपियों का विवरण अब ज्ञान भारतम् एप पर दर्ज किया गया है। इस पहल के तहत सारा–माक गुणाओं के शिलालेखों को भी डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। विशेषज्ञों ने पांडुलिपियों की भाषा, विषय–वस्तु और स्थिति का अध्ययन किया। धर्म, दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी ये दुर्लभ धरोहर अब डिजिटल संरक्षण के जरिए सुरक्षित रहेंगी। इससे

अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 3 ट्रैक्टर–टॉली जब्त

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री आलापुरु के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई इछावर एवं आष्टा क्षेत्र में की गई।

जिला खनिज अधिकारी श्री महेंद्र चौहान ने बताया कि संयुक्त दल ने तहसील इछावर में रेत के अवैध परिवहन में संलग्न 2 ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त कर थाना इछावर की अभिरक्षा में सौंपे। वहीं तहसील आष्टा के अंतर्गत एक ट्रैक्टर–ट्रॉली को जब्त कर चौकी अमलाहा की अभिरक्षा में दिया गया। प्रशासन द्वारा सभी जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर जुर्माना अधिरोपित करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने साफ किया है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध संयुक्त टीम की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

कॉन्ट्रैक्टर के घर से 7 लाख नकद और लाखों के जेवर ले गए थे चोर

डीआर संवाददाता»सीहोर

बल्लभपुरी कॉलोनी में हुई 32 लाख रुपए की चोरी का अब राज खुलता नहीं हो रहा है। वारदात को 15 दिन से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। यह मामला इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि जिस शख्स में चोरी हुई, वह तो तीनों ओर पुलिसकर्मियों के आवास हैं। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद चोरों ने आसानी से वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, कॉन्ट्रैक्टर दीपक जायस का परिवार 24 जून को महाराष्ट्र गया हुआ था। 27 जून को जब परिवार वापस लौटा तो घर के ताले टूटे मिले। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से नकदी व जेवर गायब थे। चोर घर से करीब 7 लाख रुपए नकद और भारी मात्रा में सोने–चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में करीब 10 लाख रुपए का रानी हार, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, 20 सोने के गहने और चांदी के सिक्के शामिल बताए गए हैं।

एफएसएल जांच के बाद भी नहीं मिला सुराग वारदात के बाद एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे। माना जा रहा है कि चोरों ने जाल खुलने का डाका भी किया था, लेकिन तो सरताज से अधिक सामग्री गुजरने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस चोरों के मुताबिक कॉलोनी और आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सकी है। लाखों रुपए की नकदी और जेवर गंवा चुका जायस परिवार लगातार थाने के चक्कर काट रहा है। परिवार का कहना है कि उन्हें अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। पुलिस का कहना है कि जांच टीमें लगातार काम कर रही हैं, लेकिन 32 लाख की इतनी बड़ी चोरी का खुलासा नहीं होने से पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

रोजगार मेले में हुआ 329 आवेदकों का प्राथमिक चयन

डीआर संवाददाता»सीहोर

युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सीहोर के महिला आईटीआई में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 360 युवक–युवतियों ने पंजीयन कराया जिनका विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरव्यू लिया गया। मेले में 13 कंपनियां द्वारा 329 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को 3,75,000 रुपये का ऋण का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर हरेंद्र ठाकुर, योगेश पटेल, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रबंधक संदीप उईके, मनीष अलावा, विवेक यादव सहित अन्य अधिकारी एवं युवा उपस्थित थे।

मुख्य मार्ग पर शराब का ठेका, हटाया जाए

डीआर संवाददाता»सीहोर

इछावर तहसील की ग्राम पंचायत नाहन की महिलाओं ने गांव में चल रहे शराब ठेके का स्थान बदलने की मांग की। महिलाओं ने एसडीएम, कलेक्टर, तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया कि गांव के अंदर मुख्य मार्ग पर शराब का ठेका संचालित हो रहा है। इससे लोग शराब पीकर गांव में उपद्रव करते हैं। इसका लड़ाई–झगड़ा होता है। इस कारण गांव में रोज डर का माहौल रहता है। महिलाओं ने अवैध व्यापार की शिकायत भी की। ज्ञापन देने वालों में आरती सोलंकी, सुगना बाई, रामबाई बाई, सुनीता बाई, आशा, ओमकली बाई, लाडलिंग, लटारिया, अनवली, निता, सुशीला, कृष्णा सूर्यमुखी आदि मौजूद रहीं।

सिरफिरा जिंदा महिला को 1996 में मृत घोषित किया, जमीन मुक्त कराने पहुंची

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के जावर क्षेत्र में हैरान खड़ीहाल की रहने वाली केशरबाई का 1996 में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। महिला अब भी जिंदा है। वह करीब 23 साल से पड़े को जमीन वापस मुक्त कराने की मांग को लेकर कभी तहसील आष्टा, कभी कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा रही है।

मंगलवार को केशरबाई जनसुनवाई में करीब 1.5 घंटे बाहर बैठी थी। तभी मौके पर एसडीएम लगया उर्मा पहुंचे। आष्टा तहसीलदार संजीव गौर भी पहुंचे। महिला ने आपबीती सुनाई। इसके बाद आष्टा तहसीलदार ने कुवारा की गहिला को आष्टा तहसील बुलाया। फिर से सीमांकन कराने का आश्वासन दिया।

केशरबाई ने बताया कि एक व्यक्ति ने उनकी ऋण पुस्तिका चोरी कर ली। उसमें अपना नाम लिखवा लिया। केशरबाई का आरोप है कि इसमें पटवारी और तहसीलदार ने सहयोग किया था। उन्होंने कहा कि पहले पटवारी और तहसीलदार ने उन्हें ऋण पुस्तिका दी थी। बाद में फर्जी तरीके से उनकी जमीन की ऋण पुस्तिका चोरी कर अपने नाम करा ली गई। केशरबाई ने कहा कि ऋण पुस्तिका चोरी के मामले में पटवारी को सस्पेंड किया गया था। 10 हजार रुपए का जुर्माना भी किया गया था। इसके बाद भी आज तक पड़े की जमीन उनके नाम नहीं हुई। केशरबाई का आरोप है कि तहसीलदार और पटवारी जमीन नाम नहीं कर रहे हैं।

मांग जारी

18 साल पहले स्वीकृत मुंगावली से शेखपुर तक की 4 किमी सड़क आज तक नहीं बनी

किसान 18 सालों से सड़क निर्माण की प्रतिक्षा कर रहे हैं

डीआर संवाददाता» सीहोर

मुंगावली से शेखपुर तक पक्की सड़क नहीं है। मनरेगा योजनांतर्गत सड़क स्वीकृत हो चुकी है। किसान 18 सालों से सड़क निर्माण की प्रतिक्षा कर रहे है। इस बीच 11 से अधिक किसानों की मौत भी हो चुकी है। सिस्टम की बेरुखी के कारण 4 किलोमीटर सड़क काच तक नहीं बनी है। बारिश आते ही कच्ची सड़क से जुड़े सौ से अधिक किसानों की मुसीबतें शुरू हो जाती हैं। अतिक्रमणकारियों ने भी कच्ची सड़क के दोनों तरफ कब्जा कर लिया है। गांव के सौ किसान हैरान परेशान बने हुए हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी केवल अवतक किसानों को आश्वासन ही दिया है। जनसुनवाई में पहुंचकर किसानों ने बारिश से पहले सड़क बनवाने की गुहार कलेक्टर से लगाई है।

शेखपुर के किसानों ने कहा कि गांव में सड़क नहीं बनने देने को लेकर बीते 18 सालों से राजनीति की जा रही है। शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 50 एवं अन्य सर्वे नंबरों पर सड़क निर्माण की मांग उठाने वाले किसानों को अतिक्रमणकारी द्वारा धमकर चुप करा देते है। पक्की सड़क के इंतजार में गांव के मनोहर पटीदार, प्रेमनारायण सेन, राजू पटीदार, संतो बाई कुशवाहा, किशनलाल कुशवाहा, लक्ष्मी बाई हैं।सड़क निर्माण पर लगया दो बीघा शेख मनरेगा योजनांतर्गत वर्ष 2008 में मुंगावली से शेखपुर से तक कुल सात किलोमीटर सड़क निर्माण स्वीकृत हुआ था लेकिन कुछ किसानों ने अपनी जमीन सड़क से बचाने के लिए सड़क निर्माण पर रोक ही लगवा दी थी। इस बीच सड़क से जुड़े खेत मालिक किसानों ने कई सरकारी दफ्तरों में आवेदन निवेदन किया।

इंतजार में इन किसानों की हुई मौतें नारायण पटीदार, किशोरी लाल कुशवाहा, नंद कि शी व कुशवाहा, नर्मदा प्रसाद पाटीदार, राधेश्याम कुशवाहा नन्नूलाल पाटीदार की मौत

तत्कालीन सरपंच विधायक सांसद जहां तक की मंत्रियों तक के सम्मा मी मांग करे रखा लेकिन सड़क नहीं बनाई गई। सरकार बदलने के बाद के जनप्रतिनिधियों को भी समस्या से अवतक करवा गया ।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा, आपसी विवाद, मेड़–रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड/सीस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 – 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 06 मई 2026

न्यूज गैलरी

ई–गवर्नेंस सोसायटी को चाहिए आधार किट

सीहोर। जिला ई–गवर्नेंस सोसायटी को आधार पंजीयन कार्य के लिए आधार पंजीयन किट की जरूरत है। जिन लोगों के पास आधार पंजीयन किट है, वे अपनी किट जिला ई–गवर्नेंस सोसायटी सीहोर को निशुल्क देना चाहते हैं, वे 10 मई से एक जून तक विधिवत जानकारी के साथ मशीन सोसायटी को जमा कर सकते हैं। जिला ई–गवर्नेंस कार्यालय सीहोर से संपर्क किया जा सकता है।

श्रमिकों को बेटी विवाह पर 49 हजार रु. का अनुदान

सीहोर। श्रम विभाग अलग–अलग बोर्डस के जरिए श्रमिकों को जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक आर्थिक सहायता दिया जा रहा है। इसमें प्रसूति सहायता 16 हजार रुपए शामिल है। बेटियों के विवाह के लिए 49 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। विदेश अध्ययन योजना में 40 हजार डॉलर तक की सहायता दी जाती है।

ईद उल अजहा पर बिजली–पानी व्यवस्था की मांग

आष्टा। आष्टा में ईद उल अजहा को लेकर पार्षद प्रतिनिधि शेख रईस ने प्रशासन से विशेष व्यवस्थाएं करने की मांग की है। उन्होंने सहायक पंपी को आवेदन पेजर व्यापार के दौरान बिजली सप्लाई लगातार बाधित, रखने और खराबी आने पर तत्काल सुधार टीम सक्रिय करने की मांग की। वहीं सीएमओ को दिए आवेदन में 26 से 28 मई तक तेजाना मल बालू रखने, मुस्लिम बच्चों ने साफ–सफाई और नियमित पानी सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। उनका कहना है कि भीषण गर्मी और लोहार के चलते अतिरिक्त व्यवस्थाएं जरूरी हैं।

घायल शिक्षक की मदद को आगे आए साथी

जावर। जावर के संकुल केंद्र में पदस्थ शिक्षक कमल सिंह पवार सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान उनके तीन ऑपरेशन होने थे, जिसके लिए आर्थिक सहायता की जरूरत पड़ी। साथी शिक्षकों ने एकजुटता दिखाते हुए केवल दो दिनों में करीब 75 हजार रुपए की राशि एकत्र कर उन्हें उपचार के लिए उपलब्ध कराई। शिक्षक गोपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि सभी शिक्षकों ने सहयोग कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जिले में विकास कार्यों का भूमिपूजन आज

सीहोर। जिले में बुधवार को कई विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम होंगे। विधायक सुदेश राय मुंगावली में 54.30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 2 कक्ष, 2 लैब और बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। सेमलाखेड़ी से बरखेड़ा तक 3.0 किमी लंबी सड़क निर्माण परियोजना की भी शुरुआत होगी, जिस पर 356.09 लाख रुपए खर्च होंगे। बरनाला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का शुभारंभ और श्यामपुर में स्कूल व सड़क निर्माण कार्यों की आधारशिला भी रखी जाएगी।

15 से 18 मई तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

रेहटी। नगर में 15 से 18 मई तक भव्य 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। कृषि उपज मंडी प्रांगण में तैयारियां चल रही हैं। शुरुआत 16 मई को शाम 4 बजे जलाशा यात्रा से होगी। इसके बाद रोज यज्ञ

भूमि पूजन

भंवरा ग्राम को मिली 4 करोड़ के सीसी रोड की बड़ी सौगात, किया भूमिपूजन

ग्रामीण विकास की चिंता ना करें, हर ग्राम का होगा संपूर्ण विकास: गोपाल इंजीनियर

डीआर संवाददाता»आष्टा

विधायक ने 4 करोड़ की लागत से भंवरा से शिवेश्वर धाम तक बनने वाले सीसी रोड का किया भूमिपूजन। भंवरा में राजमोहल की लोरमी प्रतिमा, 5 लाख की भोरमा की 65 लाख के अन्य विकास कार्यों के विधायक ने भूमिपूजन–लोकार्पण किए।

दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मप्र में डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में आपके द्वारा बनाई आपकी सरकार होते हुए आप ग्राम और नगर के विकास की चिंता ना करें, काम आप मुझ पर छोड़ दें। 5 साल में हर ग्राम, नगर में विकास का इतिहास लिखा जायेगा। बीते माह 12 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आष्टा को 200 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी और मंच से कलोदा के विकास कार्यों की घोषणा की है। उक्त उद्गार ग्राम पंचायत भंवरा में 4 करोड़ 01 लाख की लागत से बनने वाले भंवरा से शिवेश्वर धाम तक सीसी रोड के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहे।

ग्राम भंवरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत हर्षोल्लास पिंटू पटेल के नेतृत्व में विधायक स्वागत किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की चुनाव जीतने के बाद आज मैं शिवेश्वर धाम दर्शन करने पहुंचा था तभी यह प्रस्ताव मिला था कि बाकर ग्राम गाड़ आपके यहां तक का सीसी रोड नहीं बना दूंगा तक तक नहीं आऊंगा। आज भूमिपूजन किया है जल्द ही हम इस रोड निर्माण के बाद बाकर के दर्शन करने चलेंगे। क्षेत्र के सभी ग्रामों में सड़क, स्वच्छ पानी प्रत्येक नागरिक को मिले इसके लिये क्षेत्र में 14 सौ करोड़ की जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर को नल से जल योजना प्रगति पर है। इससे 265 ग्राम के हजारों परिवार लाभान्वित होंगे। जल्द ही बंचरा के अन्नपूर्णा को नर्मदा नेत्रा का जल भी उपलब्ध करवाएंगे जिन आसपास नेगबर जाने की जरूरत नहीं तभी बड़ी नर्मदा स्नान हो जायेगा। सिंचाई से क्षेत्र में वृद्धि को लेकर क्षेत्र को नर्मदा पंचमी लिफ्ट योजना जो कि ढाई सौ करोड़ की है का कार्य अंतिम चरण में है इस ही वर्ष के अंत तक हर खेत तक नर्मदा का पानी पहुंचे ये लक्ष्य है।

इसरो क्षेत्र में एक लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी, किसान गर्मी में भी तो की जगह तीन फसल पैदा कर अपनी आय में वृद्धि करेगा। आष्टा क्षेत्र हरा भरा होगा। इस योजना से लगभग 265 ग्राम लाभान्वित होंगे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने काल की गर्मी में वाशीन क्षेत्र के नागरिकों को जल संकट का सामना ना करना पड़े इसके लिये इसरो विधायक निधि से करीब 105 ग्राम पंचायतों में टैंकर दिये है, क्षेत्र को भी चालू दिये। नई मंगी पंचायतों में पंचायत भवन स्वीकृत हुए है एवं कई ग्रामों में सामुदायिक भवन स्वीकृति प्राप्त हो गई है। वो यह से विधायक निधि 6 करोड़ से पूरे विधानसभा क्षेत्र में नागरिकों की मांग व विकास के लार्य कराये गये है। आज हमारे किसान भाइयों को किसान सम्मान निधि उनके खाते में प्रधानमंत्री जी पहुंचा रहे है। कार्यक्रम में विधायक इंजीनियर ने सभी की मांग पर ग्राम में राजमोहल जी की प्रतिमा लगाने के लिये 05 लाख की राशि की भी घोषणा की ग्राम भंवरा के मिट्टी बड़ी सौगात आयोजित कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत भवन ने 25 लाख 50 हजार की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण, 25 लाख की लागत से ग्राम पंचायत भवन में अंडेडाल कॉलोनी में बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन, 10 लाख की लागत से ग्राम पंचायत भंवरा में वृंदावन कॉलोनी में सीसी रोड का भूमि पूजन एवं 05 लाख की लागत से बने सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम भंवरा में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण सभी की उपस्थिति में किया।

कचरा जलाने से रोका तो आर्मी के जवान ने परिवार संग दंपती को पीटा,

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा के पार्वती थाना क्षेत्र स्थित ग्रामीणांचल गांव में कचरा जलाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आग लगाने के बारे को देखते हुए एक महिला द्वारा पड़ोसी को कचरा जलाने से टोकना महंगा पड़ गया। आरोप है कि छुट्टी पर गांव आए आर्मी जवान और उसके परिजनों ने महिला और उसके पति के साथ मारपीट कर दी। घटना में पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल आष्टा में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में रोना के जवान समेत अन्य आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार परिवादी रमेश चौरसिया पत्नी द्वारिका प्रसाद चौरसिया, उम्र 45 वर्ष, निवासी ऊदीखार ने शिकायत दर्ज कराई है। सतोष ने बताया कि 10 मई की शाम करीब 5 बजे वह अपने निर्माणाधीन मकान में उराई का काम कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला सायन यादव अपने प्लॉट की सफाई कर कचरे में आग लगा रहा था। सतोष ने आग फैलने की आशंका जताते हुए उसे ऐसा करने से मना किया। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर सायन यादव उसके पास आया और अभद्रता करते हुए पत्थरबाजी करने लगा।

महिला के शोर मचाने पर उसके पति हारिका प्रसाद चौरसिया मौके पर पहुंचे और बीच–बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि इसके बाद सायन यादव, उसके पिता बाबू यादव और भाई सोनू यादव ने मिलकर लोहे की रॉड से दंपती के साथ मारपीट की। हमले में द्वारिका प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने उन्हें घसीटते हुए घर के सामने तक ले जाकर पीटा। घटना के बाद परिवार घायल को सरकारी सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे सार्जेंट थाना प्रभारी हरि सिंह परमार ने बताया कि कचरा जलाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और गवाही तलाश की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर शिविर लगाकर किया गया 929 बच्चों का टीकाकरण

डीआर संवाददाता»सीहोर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 12 मई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 687 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 282 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 133 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

पर्यवेक्षक की टीम ने पूरा किया जनगणना कार्य

डीआर संवाददाता»आष्टा

भारत सरकार के महत्वपूर्ण अभियान जनगणना 2027 के अन्तर्गत स्थानीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। परियोजना जिलेवार गोताखोरों के कुशल नेतृत्व में तकनीकी टीम ने निर्धारित समय–सीमा से पूर्व ही अपने आवंटित सर्कल का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। टीम वर्क और समर्पण की मिसाल जनगणना जैसे जटिल और महत्वपूर्ण कार्य को समय से पहले पूरा करने वाली इस टीम की सराहना और कर्तव्यनिष्ठा की हर स्तर पर प्रशंसा हो रही है। इस उपलब्धि पर चार्ज अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने कहते हुए पूरी टीम के कार्य की सराहना करने के पश्चात उसे गुणवत्तापूर्ण चार्ज और टीम के समर्पण की सराहना की।

पूरी टीम का हुआ सम्मान एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान चार्ज अधिकारी श्री प्रजापति द्वारा पर्यवेक्षक जितेंद्र गोताखोर सहित संतोष कुमार, कमरुद्दीन, नारायण सोलंकी, प्रेमसिंह, जितेंद्र वर्मा पूरी टीम को सम्मानित किया गया। चार्ज अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने कहा जनगणना देश के भविष्य की योजनाओं का आधार होती है।

गोताखोर और उनकी टीम ने न केवल समय की बचत की है, बल्कि डेटा की गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा है। परियोजक श्री गोताखोर ने इस सफलता का श्रेय अपनी टीम के अथक सामंजस्य और अथक परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि टीम के हर सदस्य ने घर–घर जाकर जानकारी जुटाने में पूरी जिम्मेदारी निभाई, जिसके कारण आज हम यह लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं। इस अवसर पर राजस्व प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, सेक्टर जितेंद्र गोताखोर सहित संतोष कुमार, कमरुद्दीन, नारायण सोलंकी, प्रेमसिंह, जितेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर विशेषज्ञों ने दी फोटोनिक्स कंप्यूटिंग की जानकारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज के कैंपस में नेशनल टेक्नोलॉजी डे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण के लिए फोटोनिक्स कंप्यूटिंग विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान रहा। मुख्य वक्ता और विषय

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बेंगलुरु के प्रिंसिपल इंजीनियर डिजाइन मिस्टर अभिजीत घटवाई थे। उन्होंने लाइव्ह नोड ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया। मिस्टर घटवाई ने बताया कि सेमी प्रकाश की किरणों का उपयोग तकनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और गति और क्षमता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने भविष्य की तकनीक में फोटोनिक्स के महत्व और पूर्वाग्रह के क्षेत्र में इसके व्यावसायिक बदलावों पर प्रकाश डाला। उनके मार्गदर्शन में दूरभ आयोजन यह शार्यदान विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जो मुख्य विश्वविद्यालय के कुलपति कुलगुरु, डॉ. राजेश शर्मा कुलसचिव डॉ. राजेश राठौर परीक्षा नियंत्रक, डॉ. राकेश चतुर्वेदी डीन, इंजीनियरिंग कॉलेज के संकाय प्रेमानन्दन ने डॉ. कौशल कुमार पुत्र संयोजक व सह–संयोजक डॉ. गीता खुरसानी डॉ. नीरेश पेंडकर और डॉ. नीरेश नंदवानी, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन नेहरत देश दीपक श्रीवास द्वारा किया गया। सहभागिता इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के संकाय सदस्य, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। ऑनलाइन माध्यम से साथ–साथ सई प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से भी इस तकनीकी ज्ञान यज्ञ का हिस्सा बने। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने आधुनिक युग में तकनीकी स्वावलंबन की आवश्यकता पर जोर दिया।

सीहोर में बुजुर्ग किसान की जमीन धोखाधड़ी से बेची पीड़ित न्याय के लिए पुलिस–प्रशासन से की मांग

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर के इछावर स्थित शिवेशनगर में एक बुजुर्ग किसान लक्ष्मी–नारायण वर्मा धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। उनकी शिकायत है कि जीवन भर की जमा पूंजी से खरीदी गई उनकी जमीन जालसाजों ने किसी और को बेच दी है।

लक्ष्मीनारायण वर्मा ने वर्ष 2007 और 2011 में जगदीश प्रसाद मेवाड़ा और उनके बेटों से दो भूखंड खरीदे थे। इन भूखंडों की विधिवत रजिस्ट्री और नामांतरण भी कराया गया था।

हाल ही में जब लक्ष्मीनारायण अपने बेटे अनिल के साथ उस जमीन पर मकान निर्माण कराने पहुंचे, तो उन्हें पता चला–घनश्याम गया और काम रोक दिया गया। जांच करने पर उन्हें पता चला कि आरोपियों ने धोखाधड़ी कर उनकी जमीन का एक हिस्सा अपने किसी रिश्तेदार को बेच दिया है।

इस धोखाधड़ी के बाद बुजुर्ग लक्ष्मीनारायण वर्मा ने पुलिस से शिकायत की है। उन्होंने एक प्रशासन परिवहन जालसाजों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है।

धार्मिक

महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए वटसावित्री पूजा करेंगी

भरणी नक्षत्र में मनाया जाएगा शनिदेव का जन्मोत्सव शनिश्चरी अमावस्या व वटसाविन्री पूजा का संयोग

डीआर संवाददाता»सीहोर

नवग्रह में भगवान शनिदेव को अपने इष्ट देव भगवान शंकर से आशीर्वाद प्राप्ति में न्यायधीश का दायित्व मिला है। न्यायधीश शनिदेव तीनों लोकों के प्राणियों के जीवन में उनके किये गये कर्मों के आधार पर फल प्रदान करते है इसलिए शनिदेव कर्मफल दाता है। भगवान सूर्यदेव उनके पिता और छाया माता के वह पुत्र है। भगवान शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ मास कृष्णपक्ष अमावस्या को हुआ है।

पंडित सुनील शर्मा के अनुसार इस बार यह संयोग 16 मई शनिवार भरणी नक्षत्र में शनिश्चरी अमावस्या को होगा। पूरे जिलेभर मंदिर देवालय में श्रद्धा उत्साह के साथ मनाया

शनिदेव को चढ़ाये सरसों तेल, कालातिल, उड़द – वर्तमान में वृष, मीन और मेष राशि पर शनिदेव की साढ़ेसाती चल रही है। मेष राशि पर प्रथम चरण, मीन राशि पर द्वितीय चरण और वृष राशि पर अंतिम चरण का प्रभाव है, जबकि सिंह और धनु राशि पर शनि ढैय्या का प्रभाव है।

साढ़ेसाती के दौरान व्यक्ति को आर्थिक मानसिक और शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है लेकिन सत्कर्म उच्च आचरण, व उपाय से शनिदेव शुभ फल प्रदान करते है। साढ़ेसाती वाले लोगों को भगवान शनिदेव जन्मोत्सव पर शिवशक्ति, हनुमानजी और शनिदेव की विशेष पूजा अर्चना लाभप्रद है। भगवान शनि मंत्र जाप, हवन पूजन, छायादान करना चाहिये और सरसो तेल, शिवांतेल से अभिषेक कर कालीउड़द, काले तिल, काला कपड़ा, इमरती, नीले फूल भेंट करना चाहिये। गरीब जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, छाता, देना चाहिये। पीपल व शनी वृक्ष के पास दीपक लगाना चाहिये। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार रुद्राभिषेक, हनुमान चालीसा, शनि चालीसा, दशरथ कृत शनि स्तोत्र का पाठ करना चाहिये।

शनि जन्मोत्सव पर शनिश्चरी अमावस्या व वट सावित्री पूजा का विशेष संयोग भी रहेगा। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए वट सावित्री पूजा करेंगी।

बिजली कंपनी द्वारा 14 मई को आयोजित शिविरों में किया जाएगा

डीआर संवाददाता»सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी हाव उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत वितरण केन्द्रवार स्थान एवं कलस्टरों पर आगामी निर्धारित तिथियों पर शिविर लगाये जाएंगे। शिविरों में बिजली उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, जर्जित कंडल, कनेक्शन एवं तकनीकी सेवाओं संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

प्रभाग कालाकर आगोरे 14 मई को सीहोर के वार्ड नं. 03 तिथा जोन 01 के वितरण केन्द्र और वार्ड नं 04 तिथा जोन 02 के वितरण केंद्रों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार ग्राम टेमोती, ग्राम बरलियाखेड़ी, ग्राम गाजखेड़ी, ग्राम कमलाखेड़ा, ग्राम अलमपुरा, ग्राम बोरदीकला, ग्राम बगजखेड़ा, ग्राम बिछगी, ग्राम तिराही, ग्राम करजखेड़ा, नाथलखेड़ी, ग्राम अनिरुद्धनागपुर, ग्राम अब्दुलाहपुर में शिविर लगाए जाएंगे। इसी प्रकार आष्टा के मनहरामपुरा, ग्राम जगन्नाथपुरा, ग्राम हकीमाबाद, ग्राम छत्रबन्दुर, ग्राम किशनखेड़ी, ग्राम कालाखेड़ा, ग्राम सुखखेड़ी, ग्राम शिकोला, ग्राम निमखेड़ा में शिविर लगाए जाएंगे।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ कृष्ण पक्षा–11,2082 | विदिशा, दिन बुधवार,दिनांक 13 मई ,2026

न्यूज गैलरी

गर्मी में 82 प्याऊ बने राहगीरों का सहारा

विदिशा। भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के सभी नगरीय निकायों ने व्यापक पेयजल व्यवस्थाएं की हैं। अब तक 82 प्याऊ स्थापित किए जा चुके हैं, जहां मटकों, टंकियों और वॉटर कूलरों के माध्यम से शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। बाजार, बस स्टैंड व सार्वजनिक स्थलों पर इनसे लोगों को राहत मिल रही है। पशु–पक्षियों के लिए पानी के हौज और सकोरे भी लगाए गए हैं। पेयजल व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं।

आईटीआई परिसर अतिक्रमण मुक्त

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को जिला प्रशासन ने शासकीय आईटीआई परिसर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी की मौजूदगी में शासकीय भूमि से अवैध कब्जे हटाए गए। प्रशासन ने बताया कि यह कार्रवाई शिक्षार्थियों की सुरक्षा और संस्थान के सुव्यवस्थित संचालन के लिए की गई है। प्राचार्य कविता चतुर्वेदी ने कहा कि अतिक्रमण से सुरक्षा और स्वच्छता प्रभावित हो रही थी। भविष्य में पुनः कब्जा न हो, इसके लिए सीमांकन कर तार फेंसिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

सीएम मोहन यादव आज लाड़ली बहना की मई

विदिशा। माह की राशि करेंगे जारी विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की मई माह की सहायता राशि सिंगल क्लिक से जारी करेंगे। विदिशा जिले की 2 लाख 71 हजार 319 महिलाओं के खातों में लगभग 40 करोड़ रुपए जमा किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि योजना से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत मुख्यालयों पर किया जाएगा।

रोजगार मेले में 202 युवाओं का चयन हुआ

विदिशा। जनपद पंचायत भवन विदिशा में आयोजित युवा लगन रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले में 280 अभ्यर्थियों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 202 युवाओं का विभिन्न 11 कंपनियों द्वारा प्रारम्भिक चयन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी एली खान ने बताया कि मेले का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना और कंपनियों से सीधा संपर्क स्थापित करना है। मेले में रोजगार के साथ स्वरोजगार योजनाओं एवं अप्रेंटिसशिप की जानकारी भी दी गई। युवाओं ने पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त कर उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जनसुनवाई में 154 आवेदन प्राप्त, 89 का मौके पर निराकरण

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। कुल 154 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89 का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

निजी जमीन तक पहुंचने के लिए किया 600 मीटर सरकारी जगह पर था कब्जा

होमगार्ड की जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण कॉलोनाइजर की बाउंड्रीवॉल पर चली जेसीबी

अतिक्रमण की जांच के दौरान तहसीलदार सहित अधिकारियों के सामने तहसील में बिना पैसे के कोई काम न होने का आरोप लगाने वाले कॉलोनाइजर के अवैध निर्माण को सोमवार को सख्ती के साथ तोड़ दिया गया। तहसीलदार ओर होमगार्ड अधिकारी की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनियों का निर्माण कर रहे लोगों में भी हड़कंप मच गया है। उन्हें डर सताने लगा है।

कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई बाउंड्रीवॉल को जेसीबी से तोड़ा गया।

मौके पर तहसीलदार सहित होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा से सटे गुलरिया हवेली के बलवारा क्षेत्र ने बुधवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त बयान उठाया है। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व, पुलिस और होमगार्ड की संयुक्त टीम ने विभाग की जमीन पर बने अवैध निर्माण को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया।

कालाखाद में होमगार्ड का ट्रेनिंग सेंटर स्थित है। एक कॉलोनाइजर ने अपनी खरीदी हुई 24 बीघा निजी जमीन तक रास्ता बनाने के लिए महकमे की करीब 600 मीटर जगह हथिया ली थी। कॉलोनाइजर ने इस सरकारी जमीन पर बजाकदा पक्की सड़क और बाउंड्रीवॉल तान दी थी।

शिकायत के बाद दस्तावेजों में हुई पुष्टि

होमगार्ड विभाग को शिकायत पर नगरीय तहसीलदार प्रीति पंथी, अतरबाई और पटवारी ने मौके पर जाकर दस्तावेजों का मिलान किया, जिसमें यह निर्माण पूरी तरह अवैध पाया गया। सूचना को डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मनोज जैन की मौजूदगी में जेसीबी की मदद से इस पूरे हिस्से को खाली करा लिया गया। तहसीलदार के अनुसार प्रारंभिक जांच में मोहन गोस्वामी द्वारा अतिक्रमण किए जाने की बात सामने आई है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विगत दिनों जब तहसीलदार अपनी टीम के साथ इसी स्थान पर जांच करने पहुंचे थे तो कॉलोनाइजर ने पूरी टीम के साथ आरोप लगाए थे कि तहसील में कोई भी काम बिना पैसे के नहीं होता यह पैसा अधिकारियों तक जाता है।

इस दौरान तहसीलदार ने भी स्पष्ट कहा था कि जो भी पैसा लेता है उसका नाम बताएं मैं अभी यहीं बैठे बैठे उसे सस्पेंड करवा दूं, लेकिन कॉलोनाइजर ने कोई भी नाम नहीं बताया था। राजस्व टीम ने पूरी जांच पड़ताल और अवैध कब्जे की पुष्टी करने के बाद सोमवार को कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई बाउंड्री तोड़ दी और सड़क को भी मिटा दिया।

खराब बारदाना बना मुसीबत, तुलाई बंद की तो किसानों ने 6 घंटे किया चक्काजाम

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नटेरन के ग्रां पीपरिया देवपरवाल पर सरकारी लापरवाही का सड़ा नमूना सामने आया है। है। किसानों को बांटने के लिए भेजा गया जो सात ज पुराना, फटा बारदाना अब हमालों और किसानों के गले की हड्डी बन गया है। मंगलवार को जब हमालों ने इस कबाड़ बार दाने में तुलाई से मना किया, तो गुस्साए किसानों ने सिंघोलेही चौराहे पर विदिशा–अशोकनगर हाईवे जाम कर दिया।

6 घंटे तक चले इस हंगामे ने प्रशासन के दावों की धज्जियां उड़ा दीं। जाम झाना भीषण था कि – हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। 3 घंटे तक जब कोई अधिकारी नहीं पहुंचा, तो बस चालकों ने जाम जोखिम में डालकर निर्माणाधीन पुल–पुलियाओं और ऊबड़–खाबड़ खेतों से बसें निकालीं। किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। सिस्टम सोया रहा।

7 दिन से लाइन में हूं, समझ नहीं आता जहर खा लूंया फांसी लगा लूं?

लालखदूरी के किसान सम्मलसिंह ने बताया कि वह 7 दिन से भूखा–प्यासा लाइन में लगा है। न खाना खुली, न नेंडू। कर्ज वाले प्राण खा रहे हैं। अब क्या फांसी लगा लूं या जहर खा लूं? नानखूपुर के किसान राजेंद्र दांगी ने बताया कि घर में शादी की खुशियां हैं। वह 8 दिन से ट्रैक्टर लेकर लाइन में खड़ा है।

समझ नहीं आता खुशियां मनाऊं या फसल बचाऊं।

जोहद के किसान सुरज राजपूत ने बताया कि वह 7 मई से यहीं पड़ा है। घर–खेती सब छूट गया। यहां कांटा ही नहीं उठ रहा।अशोकनगर विदिशा मार्ग किया बंद।विदिशा–अशोकनगर हाईवे पर 3 घंटे तक थमी रही जिंदगी, जाम जोखिम में डाल खेतों से निकाली बसेंय 4 दिन में चौथी बार जाम

सिरोंज–गुना रोड पर चलते ट्रांले में लगी भीषण आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सिरोंज–गुना रोड स्थित भतिया जी की घाटी में सोमवार दोपहर पोल्ट्री फीड से भरे एक ट्राले में अचानक आग लग गई। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया, जो नासिया मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। ट्राला गुना की ओर जा रहा था और घाटी चढ़ते समय हादसे का शिकार हो गया।

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि घाटी पर एक अन्य ट्रक चढ़ने से रुका था।

इसी दौरान ट्राला उसे ओवरटेक करते हुए आगे बढ़ा लगी उसके इंजन के पीछले हिस्से से आग की लपटें निकलने लगीं। आग लगते ही ड्राइवर ने तुरंत ट्राले से कूदकर अपनी जान बचाई।

कुछ ही देर में ट्राले से काला धुआं उठने लगा और आग ने केबिन को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, समय रहते ट्राले पर लदी पोल्ट्रीफीड नीचे को सुरक्षित उतार लिया गया। बाद में आग पूरे ट्राले में फैल गई और उसके सभी टायर जल गए। हादसे में ट्राला पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार तेज गर्मी, धूप और इंजन पर अधिक भार पड़ने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं।

होमगार्ड की सरकारी जमीन पर बनाई सड़क और बाउंड्रीवॉल,

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर से सटे गुलरिया और टीलाखेड़ी गांव में अवैध कॉलोनाइजर ने 24 बीघा जमीन खरीदकर अवैध कॉलोनी काटने की तैयारी कर ली थी। लेकिन कॉलोनी तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं थी। इस कारण कॉलोनाइजर मोहननिरि गोस्वामी ने होमगार्ड के अधिकारियों की मिलीभगत से 600 मीटर सरकारी जमीन पर पक्की सड़क और बाउंड्रीवॉल बना दी थी।

6 मई को तहसीलदार प्रीति पंथी नेतृत्वाधीन किया था। जांच में सड़क और बाउंड्रीवॉल – सरकारी जमीन पर बनी पाई गई थी। इसके बाद मंगलवार को तहसीलदार प्रीति पंथी ने अपने दल–बल के साथ पहुंचकर सरकारी जमीन पर बनी सड़क और बाउंड्रीवॉल को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया।

प्रशासन ने जेसीबी से सरकारी जमीन पर बनी सड़क और बाउंड्रीवॉल ध्वस्त कर दी।

जांच में सरकारी जमीन पर बनी सड़क और बाउंड्रीवॉल को तहसीलदार प्रीति पंथी ने कहा कि राजस्व विभाग की जांच में यह जमीन सरकारी पाई गई थी। इसी कारण बाउंड्रीवॉल तोड़ दी गई है। इस संबंध में मोहननिरि गोस्वामी का कहना था, मैंने यह बाउंड्रीवॉल नहीं बनाई। किसी ठेकेदार ने बनाई है। मैंने केवल इसके लिए पैसे दिए थे। इस कार्रवाई के दौरान होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मनोज जैन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय फॉरेंसिक दिवस पर पुलिस अधिकारियों को दी विशेष ट्रेनिंग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय फॉरेंसिक दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी थानों से पुलिस अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर, कीड़ाओं एवं विधिविज्ञानी ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दयानी सहित कलक्टरी, अधिष्ठाता डॉ. मनीष निगम, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अविनाश लाखपे, एफएसएल मोबाइल की वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रीति गायकवाड़, मेडिकल सीएल इंस्टीट्यूट भोपाल के डॉ. जितेंद्र लोमर एवं फॉरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह पटेल ने किया। एसपी लाखनादौन ने मेडिकोलीगल मामलों में प्रदेश ऑफ कलहीन को मजबूत बनाए रखने पर बल देते हुए प्रेसर संबंध व्यवस्था और पुलिस ने घोटाकोपी एवं आरोपी जानु उर्फ अंकित कुशवाहा को टैबलेट उपलब्ध कराने की पहल की जानकारी दी।

चोरी का टैबलेट ऑन करते ही पकड़ा गया शातिर चोर, 20 लाख का सामान बरामद

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के गंजबासौदा में पुलिस ने एक शातिर चोर से चोरी के टैबलेट की मदद से निगरानी कर लिया। आरोपी ने जेल से चोरी किया गया टैबलेट ऑन किया, उसमें लॉगिन जीमेल आइडी के जरिए पुलिस को उसकी लोकेशन मिल गई। इसके बाद साइबर टीम और पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी जानु उर्फ अंकित कुशवाहा को विदिशा के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी गोलू के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

मामला 25 अप्रैल का है। खाते नंबर 6 निवासी अभिषेक इगर परिवार सहित शादी में ललितपुर गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर लाखों एवं सामान चोरी कर लिया। घर लौटने पर परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की जांच और साइबर तकनीक की मदद से आरोपी तक पहुंच बनाई। आरोपी के पास से करीब 100 ग्राम सोने के जेवर, एक किलो चांदी, 200 ग्राम एवं नकद, चोरी का टैबलेट और एक पल्सर बाइक बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर पहले से 25 से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं और वह एक बड़े गिरोह से जुड़ा है।

नाबालिग निकला अपने घर में चोरी का आरोपी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा कोतवाली थाना पुलिस ने सूने घर में हुई चोरी का खुलासा किया। एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया। चोरी गिरी बाहरी बदमाश ने नहीं की थी। घर के ही नाबालिग बदमाश ने वारदात की थी। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 7 लाख रुपए कीमत के सोने–चांदी के आभूषण बरामद किए। गल्लामंडी रोड स्थित शंकर टीला गली नंबर–1 में सूने मकान से जेवर चोरी होने की शिकायत मिली थी। कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए। मुखबिर से सूचना मिली। एक संदिग्ध बालक चोरी का सामान लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी की। बालक को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में नाबालिग ने चोरी करना स्वीकार किया। थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया, चोरी के बाद नाबालिग ने सोने–चांदी के जेवर अलग–अलग जगह छिपाए थे। पुलिस ने उन्हें बरामद कर लिया

श्रमदान भोपाल और विदिशा सहित शहरों से पहुंच रहे हैं श्रमदानी

तीसरे दिन सभी पुराने चौक डेम की मरम्मत पूरी हुई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए 10 मई को शुरू हुए श्रमदान सप्ताह के तीसरे दिन भी लगभग डेढ़ दर्जन श्रमदानी सुबह 8 बजे ढिरी स्थित उद्गम स्थल पहुंचे। प्रथमवर्ष 12 बने एक श्रमदान से पिछले साल बने सभी चौक डेम की मरम्मत पूरी हो गई।

तीसरे दिन इस बड़े समूह के केवल 7 सदस्य (भोपाल से 6 और विदिशा से 1) ही श्रमदान स्थल पर पहुंचे। आजाद सिंह डबास, परीक्षित सिंह, अरविंद द्विवेदी, हेमंत नागर, रामनारायण, एनके कर्नाट और आरके पालीवाल। श्रमदान में मंदिर के पुजारी ने भी पूरे समय उत्साह से हिस्सा लिया।

श्रमदान के लिए ढिरी और कठौतिया की दस खाक समिति के दस सदस्यों ने दन खाक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में भागीदारी की। इस दौरान के कारण आवश्यक कार्य हुआ। एक सुखद पहलू यह रहा कि जब श्रमदान करने वाले कड़ी धूप में श्रमदान सेवा कर रहे थे तब कुछ लोग श्रमदानियों के लिए आम भोजन पुष्ट लेकर लेकर गए। 18 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक श्रमदान किया जाएगा। उम्मीद है कि आगामी चार दिनों में सभी प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेमी अपने आसपास की स्थितियां देखकर बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के पवित्र अभियान में सहभागिता कर बेतवा नदी को सदानीरा बनाने में सहयोग करेंगे।

गंजबासौदा में स्टेट बार काउंसिल चुनाव संपन्न, 276 वकीलों ने किया मतदान

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा।

कोर्ट परिसर में मंगलवार को राज्य अधिवक्ता परिषद (स्टेट बार काउंसिल) के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली मतदान प्रक्रिया में वकीलों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कुल 352 पंजीकृत मतदाताओं में से 276 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी जज हर प्रसाद बंसकार ने की। मतदान के लिए कोर्ट परिसर के एक कमरे में छह बूथ बनाए गए थे। सुबह के समय मतदान की रफ्तार धीमी रही, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद बड़ी संख्या में वकील मतदान केंद्र पहुंचे। चुनाव को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए एक दिन पहले ही सभी अधिवक्ताओं को पहचान पत्र वितरित कर दिए गए थे।

इस बार चुनाव में प्रत्याशियों की संख्या अधिक होने से मतदान पर्व काफी लंबा रहा। चुनाव मैदान में कुल 121 उम्मीदवार थे, जिनमें से मतदाताओं को 23 प्रत्याशियों का चयन करना था। लंबा बैलेट पेपर होने के कारण कई वकीलों को मतदान करने में अधिक समय लगा।

जज हर प्रसाद बंसकार ने बताया कि सभी अधिवक्ताओं के सहयोग से मतदान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ। प्रदेशभर में करीब 87 हजार वकील इस चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे हैं।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | ज्येष्ठ कृष्ण पक्षा–11,2082 | राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 13 मई ,2026

न्यूज गैलरी

प्लेसमेंट ड्राइव रू छात्रों को रोजगार अवसर मिले

राजगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को करियर अवसरों और तकनीकी दक्षताओं की जानकारी दी। प्रभारी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी आकाश अग्रवाल ने बताया कि मनमित विद्यार्थियों को डिप्लोमा इंजीनियरिंग ट्रेनी पद के लिए 20 हजार रुपए प्रतिमाह तक का पैकेज मिलेगा। प्राचार्य राजू जेतवार ने कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योगों से समन्वय कर रहे हैं।

ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, 2 बच्चों के सिर में चोट

ब्यावरा। राजगढ़ रोड स्थित खुरी रोड पर सोमवार शाम एक ट्रक और बाइक की टक्कर में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। रेलवे घटरी में उपचार होने वाले कांग्रेस सदीपत से मरा ट्रक राजगढ़ से ब्यावरा की ओर आ रहा था। इसी दौरान खुरी रोड के पास ट्रक ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक परिवार सिंह बंजारा निवासी डोडावे थाना सुठालिया और उनकी पत्नी आरती को मामूली चोटें आईं। वहीं बाइक पर सवार उनके पुत्र अवकाश बंजारा (10) और अरविंद बंजारा (7) के सिर में गंभीर चोट आई है।

गर्मी में बार–बार बिजली कटौती से लोग परेशान

नरसिंहगढ़। नगर में तेज गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। नागरिकों का कहना है कि दिनभर में कम से कम चार से पांच बार बिजली सप्लाई बंद हो रही है। हर बार 10 मिनट से लेकर एक घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों को गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हराना के वरिष्ठ नागरिक देवीलाल साहू का निधन

सीमाचौहान। सलीपरथ हराना गांव के वरिष्ठ नागरिक एवं सम्मानित समाजसेवी देवीलाल साहू का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से गांव में शोक की लहर फैल गई। वे धार्मिक, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। हराना मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके पुत्र रामप्रसाद साहू ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाजजन शामिल हुए।

सुठालिया में महज 18 से 25 किलोमीटर की दूरी पर नहीं थम रहा है रेत का कारोबार, प्रशासन ने साधी चुप्पी

सुठालिया तहसील बना अवैध रेत माफिया का गढ़, पार्वती नदी में अवैध रेत उत्खनन की आई बाढ़

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

जिले में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार अब थमता नजर नहीं आ रहा है। विशेष रूप से सुठालिया तहसील के अंतर्गत आने वाले आमा दर्जन से अधिक गांव सेकनपुर, कानखेड़ी, सेमलपाठा, लसूलिया घाटा रेत माफियाओं के सुनियोजित स्वर्ग बन चुके हैं।

हैरानी की बात यह है कि प्रशासन की नाक के नीचे दिन–रात मशीनों से धड़ल्ले से सीना छलनी किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं।

खनिज विभाग की लापरवाही पर उठ रहे गंभीर सवाल

क्षेत्रीय जनता और सूत्रों का आरोप है कि खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने जैसे जनता की शिकायतों को अनसुना करने की कसम खा ली है। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना देने के लिए फोन लगाने पर भी अधिकारी फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते। ऐसा लगता है कि विभाग की इस अनदेखी के कारण शासन के राजस्व को खुलेआम सूना लगाया जा रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे रेत का काला खेल सुठालिया में बेखौफ होकर चल रहा है।

तहसीलदार की उदासीनता, आखिर क्यों नहीं होती कार्रवाई.?

दूसरी ओर इतने के बावजूद तहसीलदार महोदय के घर इन खदानों का निरीक्षण करने का समय नहीं है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन को मशिनों का राज पता रहा।

इन क्षेत्रों में माफिया का कब्जा

सुठालिया तहसील मुख्यालय से महज 18 से 25 किलोमीटर की परिधि में आने वाले ग्रामीण अंचलों में माफियाओं ने अपना जाल बिछा रखा है। मुख्य रूप से इन स्थानों पर अवैध कारोबार चरम पर है। सेकनपुर, कानखेड़ी, पटलिया घाट, सेमलपाठा, लसूलिया घाट।

बड़े सवाल

प्रश्न यह है कि जिले के कलेक्टर इस पूरे खेल से वाकई अनजान हैं या उन्होंने अंधेरे में रखा जा रहा है?

सुठालिया की ये रेत खदाने आखिर क्यों माफियाओं का चारागाह बन गई हैं?

शिकायतों के बाद भी खनिज विभाग और राजस्व टीम संयुक्त कार्रवाई से क्यों बच रही है?

राजस्व हानि से कोई कार्य नहीं कराया? आखिर क्या कारण है कि माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें कानून का जरा भी खौफ नहीं है?

पिछले वर्ष हुआ था अवैध खनन को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष

पिछले वर्ष कानखेड़ी सेमलपाठा में अवैध रेत को लेकर रात के अंधेरे दो गुटों में खूनी संघर्ष हुआ था। जिसमें दोनों गुटों से लगभग आठ बस लोग बुरी तरह घायल हुए थे जिसमें दोनों तरफ के लोगों पर एफआईआर दर्ज भी हुई थी लेकिन फिर भी इस घटना से न रेत माफियाओं को सबक मिला न ही प्रशासन के अधिकारी सचेत हुए।

इनका कहना है

मैं अपनी तरफ से टीम भेजता हूं एक दो दिन में कार्यवाही करवाता हूं। बाकी टीम अपने स्तर से खदानों पर रेकी करेगी। गोविंद कुमार पुष्प एसडीएम ब्यावरा

—आपके द्वारा नासुम दुआ कि कानखेड़ी पर भी पेट्रोलिंग चल रही है। सेकनपुर खदान पर हमारे कार्यपालक तहसीलदार द्वारा दबिश दी गई थी परंतु उस दिन वहां कुछ मिला नहीं। अब हम खनिज विभाग को सूचना देकर सारी खदानों पर दबिश देने की तैयारी में है।

— रामनिवास धाकड़, तहसीलदार सुठालिया

पेट्रोल पंप अग्निकांड की जांच शुरू, मंत्री और कलेक्टर पहुंचे

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

पुराना बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पंप पर सोमवार रात लगी थी आग।

पचोर व पुराना बस स्टैंड स्थित मीनीसिटल पेट्रोल पंप पर सोमवार रात हुए अग्निकांड के बाद मंगलवार को प्रशासन और कंपनी की टीमों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। हादसे के बाद पेट्रोल पंप पर आग से हुए नुकसान और कियोस्क के निर्माण संबंध निरीक्षण किए। देर रात मंत्री गौतम टेटवाल, सहायक रोहमल नागर और कलेक्टर निरीश मिश्रा भी पचोर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घायलों से मुलाकात कर जानकारी ली।

घटना में सबसे अधिक झुलसे बलराम गुर्जर इलाज के साथ अपने जले हुए पैरों को लेकर भी परेशान दिखे। बताया गया कि दुकान से छुट्टी के बाद वे बाइक से पेट्रोल भरवाने पंप पहुंचे थे, तभी हादसा हो गया। तत्काल आठ के रुपए भी जल गए। वर्तमान में उनका उपचार इंदौर में जारी है।

मंत्री बोले–सरकार करवाएगी बेहतर इलाज मंत्री गौतम टेटवाल ने बताया कि

घटना में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। सभी का उपचार जारी है और मध्यप्रदेश सरकार घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि अत्यधिक तापमान, शॉर्ट सर्किट या अन्य कारण हादसे की वजह हो सकते हैं। मामले की जांच की जा रही है और जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पर कांग्रेस का हल्लाबोल, स्वास्थ्य सुविधाएं सुधारने की मांग

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर

राजगढ़ जिले के मंगलपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बूंदी कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों के साथ रैली निकालकर अस्पताल पहुंचकर नारेबाजी की। बाद में नायब तहसीलदार कपिल शर्मा को कलेक्टर के नाम 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल पिछले 10 महीनों से स्थायी डॉक्टर के बिना संचालित हो रहा है। महिला डॉक्टर नहीं होने से महिला मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहर जाना पड़ता है। फिलहाल अलग–अलग डॉक्टरों की साप्ताहिक ड्यूटी लगाकर व्यवस्था चलाई जा रही है, जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा। नेताओं के मुताबिक 100 से अधिक गांवों के लोग इसी अस्पताल पर निर्भर हैं।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में साफ–सफाई, दवाइयों की कमी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को भी मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में कार्यालयीन मुख्यालय तक नहीं है और गर्मी में मरीजों के लिए ठंडा पानी, पंखे व कूलर जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा।

एक ही दिन में जिला अस्पताल में पांच सफल ऑपरेशन, मरीजों को मिली

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

जिला अस्पताल राजगढ़ में गंगलवार को सीनियर सर्जन एवं पेडियाट्रिक सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ. अंकुर देशवाली ने एक ही दिन में पांच सफल ऑपरेशन कर मरीजों को बड़ी राहत दी। इनमें तीन बच्चाक और दो बच्चों की सर्जरी शामिल रही। सभी मरीजों की हालत ऑपरेशन के बाद सामान्य बताई जा रही है।

पहला ऑपरेशन 50 वर्षीय बापूलाल का किया गया, जिनके सिर के पीछे पिछले पांच वर्षों से गठान थी। हाल के दिनों में इसे बढ़ने पर सर्जरी कर गठान निकाली गई। दूसरा ऑपरेशन सारंगपुर निवासी 75 वर्षीय रामलाल का हुआ, जो कॉलन डिजीज से पीड़ित थे। संक्रमण बढ़ने के कारण उनके पैर का अंगूठा गैंग्रीन में बदल गया था, जिसे ऑपरेशन कर हटाया गया। तीसरी सर्जरी खिलचीपुर निवासी 33 वर्षीय पूजा की की गई, जिनके पेट के पास बड़ी सी गठान को सफलतापूर्वक निकाला गया। चौथा ऑपरेशन गुलखेड़ा निवासी 5 वर्षीय इलियाज का हुआ, जिसके गले में मवादयुक्त गठान थी। वहीं नेहूखेड़ी निवासी 5 वर्षीय विवेक की पीठ से ऑपरेशन के दौरान करीब 150 एमएल मवाद निकाला गया। सभी सर्जरी में अंटी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। सिविल सर्जन डॉ. रत्नेश शर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में लगातार जटिल ऑपरेशन सफल होने से मरीजों को अब बड़े शहरों में रेफर होने की जरूरत कम पड़ रही है।

अशोकनगर में ट्रैक्टर पर गिरे हाईटेंशन लाइन के खंभे, चालक ने कूदकर बचाई जान

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर

जिले के बहादुरपुर के पास गोरा मार्ग स्थित लोधरा गांव में गुरुवार को 11 केवी बिजली लाइन के दो खंभे अचानक एक ट्रैक्टर पर गिर गए। घटना के समय बिजली सप्लाई चालू थी, लेकिन तार ट्रैक्टर से नहीं टकराने के कारण बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों के अनुसार चालकलोन निवासी नीतेश नायक ट्रैक्टर–ट्रॉली में बालू लेकर बहादुरपुर से लौट रहे थे। तभी सड़क किनारे लगे बिजली के दो खंभे टूटकर ट्रैक्टर पर आ गिरे। इससे ट्रैक्टर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। खंभे गिरते ही चालक तुरंत ट्रैक्टर से नीचे कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई।

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली कंपनी को सूचना दी, जिसके बाद लाइन की सप्लाई बंद कराई गई। मामले में बिजली कंपनी और चालक के बयान अलग–अलग हैं। चालक का दावा है कि खंभे अचानक टूटकर गिरे, जबकि बिजली कंपनी का दावा है कि ट्रैक्टर की टक्कर से खंभे गिरे हैं। जेई बाबूलाल मंडलोया ने बताया कि मामले में खंभे दोबारा लगवाने के लिए उच्च स्तर को भेजा गया है।

राजगढ़ में भीषण सड़क हादसा, दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

तीन भावलाराजगढ़ जिले के नरसिंहपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पलकेल के पास खेरखेड़ी मोड़ पर हुआ, जहां दो बाइकों की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान राजकुमार के बंजारी निवासी बाबू पिता मिलावन और फरहतपुरा निवासी बेबीसिंह तंवर के रूप में हुई है। घायलों को इलाज राजगढ़ के जिलाअस्पताल में भेजा है।



जानकारी के अनुसार, बाबू सिंह निवासी मध्यप्रदेश से राजगढ़ जिले स्थित छोटा बड़ा मंदिर में आयोजित मेलाने में प्रसादी ग्रहण करने आए थे। कार्यक्रम के बाद वे अन्य लोगों के साथ बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पुरानी रेंजा से बेबीसिंह तंवर अपनी बाइक पर एक अन्य व्यक्ति के साथ आ रहे थे। रात के लगभग खेरखेड़ी मोड़ के पास दोनों बाइकों की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही कालेड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जनसुनवाई में 145 आवेदनों की सुनवाई, अधिकारियों ने दिए समाधान के निर्देश

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इंजिया नरफाले, अपर कलेक्टर अजय सिंह चौहान, एसडीएम निधि बाराहाल और जिला कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।जनसुनवाई में ग्राम बिरजीपुरा निवासी रमेश ने मनरेगा योजना में मजदूरी भुगतान नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं, ग्राम सम्राटपुरा निवासी रमेशचंद्र सुतार ने प्रधानमंत्री आवास योजना में भूमि नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं कर पाने की समस्या बताई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम कसालीपुरा निवासी नोनलाल ने बताया नदी मिलने की समस्या बताई, जबकि उनके पास पट्टा भूमि है। खाद मिलने को मामले के निराकरण के निर्देश दिए गए।ग्राम बिरजीपुर निवासी रमेश ने मनरेगा योजना में मजदूरी भुगतान नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं, ग्राम सम्राटपुरा निवासी रमेशचंद्र सुतार ने प्रधानमंत्री आवास योजना में भूमि नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं कर पाने की समस्या बताई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

शिविर

एक दिवसीय शिविर में अपनी परेशानी हल कराएं उपभोक्ता बिजली समस्या समाधान के लिए 14 को ग्राम राधानगर में लगेगा वृहद शिविर

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सारंगपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 14 मई 2026, गुरुवार को ग्राम राधानगर में एक दिवसीय वृहद विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर हल किया जाएगा। शिविर में राधानगर, जयनगर, नोयलपुरा, तरलाखेड़ी, कावरिया मीना, बक्तियारपुरा, कावरिया पुरोहित एवं कावीखेड़ी सहित आसपास के गांवों के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

इन समस्याओं का होगा समाधान

- 5 रुपये वाले परेशू कनेक्शन के नए आवेदन
- लो–वोल्टेज एवं हाई वोल्टेज संबंधी समाधान
- टूटे झूके बिजली पोल एवं ढीले तार बदलने की शिकायत
- बिल सुधार, गलत रीडिंग एवं अधिक बिल संबंधी शिकायतें
- बंद या जले हुए मीटर बदलने की प्रक्रिया
- नाम परिवर्तन एवं भार वृद्धिकमी के आवेदन
- कृषि पंप कनेक्शन से संबंधित समस्याएं

साथ लाएं ये दस्तावेज

उपभोक्ता अपने साथ बिजली बिल की प्रति, आधार कार्ड, पुराने आवेदन की रसीद एवं सम्बन्ध से संबंधित फोटो अवश्य लाएं, ताकि तत्काल निराकरण किया जा सके। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शामिल क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बार–बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए ग्राम स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। गर्मी के मौसम में वोल्टेज समस्या, खराब मीटर एवं टूटे पोल जैसी शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर से क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

तेज गर्मी में दो जगह भड़की आग, फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

ब्यावरा में तेज गर्मी और तिलचिलाती धूप के बीच मंगलवार को आग लगने की दो अलग–अलग घटनाएं सामने आईं। समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

फायर ब्रिगेड के पायलट रवि शाक्यवार ने बताया कि पहली घटना शहर के पास घाट रोड क्षेत्र में हुई। यहां अज्ञात कारणों से एक खेत में आग लग गई। आग की लपटें ने आने से किसान तेजराम पुत्र जगदीश के खेत की मेड़ और बाहर जानकर रख दी गए।

आग फैलने से आसपास के किसानों में अफरा–तफरी का माहौल बन गया।

वहीं दूसरी घटना गुना रोड स्थित एक निजी फैक्ट्री के पीछे हुई। फैक्ट्री परिसर के पीछे रखे खराब और अनुपयोगी मटेरियल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और धुआं फैलने लगा। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई।

फायर ब्रिगेड के अनुसार दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। शुरुआती तौर पर आग लगने का कारण तेज गर्मी माना जा रहा है।